

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

बंद होगा शिल्पा शेट्टी का बैस्टियन रेस्टोरेंट

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 154 ■ गुरुवार 4 सितंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# बदलापुर शहर प्रदूषण की चपेट में

- बार-बार हो रहा बार गैस रिसाव
- स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं
- नागरिक परेशान

**बदलापुर.** बदलापुर शहर पुरानी, जर्जर और खराब हालत वाली इमारतों और उन्हीं में संचालित एमआईडीसी कंपनियों के कारण प्रदूषण की चपेट में आ गया है। शिरगाँव, आप्टेवाड़ी, भोसलेनगर, खरवई, मानकिवली, जुवेली वार्डों के एमआईडीसी क्षेत्र में कंपनियों के कारण शहर में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। मार्च 2025 में विधान परिषद में तारांकित प्रश्न उठाने के बाद शहर की 24 कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई थी; हालाँकि, इसके बावजूद आज भी ये कंपनियाँ नियमों की धज्जियाँ उड़ा रही हैं और हवा में रासायनिक गैस छोड़ रही हैं।

बदलापुर शहर का क्षेत्रफल 35.68 वर्ग किलोमीटर है। यह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छ हवा और सह्याद्री पर्वत श्रृंखला के कारण ठाणे जिले का सबसे अधिक शहरीकृत शहर है; हालाँकि, आबादी के आसपास स्थित एमआईडीसी कंपनियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से नागरिक परेशान हैं। एमआईडीसी क्षेत्र में लगभग 300 कंपनियां हैं। इनमें से कई पुरानी और जर्जर इमारतों में स्थित हैं। कई प्रणालियाँ भी क्षतिग्रस्त हैं। इसके कारण रात में गैस रिसाव होता है और रासायनिक गैसें हवा में फैलती हैं। इससे क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है।

मार्च 2025 में, विधान परिषद को बदलापुर में 24 कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी गई। पाँच कंपनियों को उत्पादन बंद करने के आदेश, पाँच कंपनियों को अंतरिम आदेश, पाँच कंपनियों को प्रस्तावित आदेश और नौ कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। रिलायबल गैल्वनाइजर एंड फास्टनर कंपनी के खिलाफ अम्लीय गैस उत्सर्जन के लिए कड़ी कार्रवाई की गई है, लेकिन फिर भी नियमों का उल्लंघन हो रहा है। बदलापुर शहर के हजारों नागरिक प्रदूषण के कारण सांस की बीमारियों (अस्थमा, साइनस, खांसी) से पीड़ित हैं। पूर्वी भाग में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 150 से ऊपर बना हुआ है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। पिछले साल दिसंबर 2024 और 2025 में अलग-अलग तारीखों पर गैस रिसाव की चार बड़ी घटनाएँ हुईं। उन घटनाओं के कारण नागरिकों को सांस संबंधी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

संपर्क करने पर, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बदलापुर अधिकारी जयंत कदम ने बताया कि इस तरह की घटना सामने आने पर प्रदूषण के लिए ज़िम्मेदार कंपनी के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। हालाँकि, बताया गया कि बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं के कारण भी ऐसी घटनाएँ होती हैं।

### गैस रिसाव की घटनाएँ

- पिछले साल 11 दिसंबर, 2024 को नाइट्रोजन डाइऑक्साइड की एक रासायनिक गैस रिसाव की घटना के बाद टिंको कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।
- दूसरी घटना 25 मई को हुई थी। इस बार भी गैस रिसाव के कारण वातावरण प्रदूषित हो गया था। तेज़ गंध और धूल भरी हवा के कारण नागरिकों को साँस लेने में तकलीफ़ हो रही थी।
- तीसरी घटना 26 जुलाई को हुई थी। इस बार भी रात के अंधेरे का फ़ायदा उठाकर MIDC कंपनी से सीधे हवा में रासायनिक गैस छोड़ी गई। इस दौरान कई लोगों को खांसी और आँखों से पानी आने जैसी समस्याएँ होने लगीं।
- अब चौथी घटना में गैस रिसाव के कारण लगभग चार-पाँच किलोमीटर दूर तक हवा धुएँ से भर गई।



### प्रदूषण के संबंध में की गई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| जुर्माना कार्रवाई | 24 |
| उत्पादन बंद | 5 |
| अंतरिम आदेश | 5 |
| प्रस्तावित आदेश | 5 |
| कारण बताओ नोटिस | 9 |

### वायु गुणवत्ता सूचकांक में बदलाव

पूर्वी बदलापुर में एमआईडीसी से सटे रिहायशी इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक हमेशा 150 से ऊपर रहता है। इसके कारण, स्वच्छ हवा, अच्छे वातावरण और कम कीमत के घरों की उम्मीद में रहने आए कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें हो रही हैं।

# अंबरनाथ नपा चुनाव में किसकी होगी युति?

- प्रभाग आरक्षण लाटरी की सबको प्रतीक्षा
- क्या मनसे-उबाठा में होगी युति
- चर्चाओं का दौर शुरू



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मनसे के शहर पद पर शैलेश शिर्के की नियुक्ति के बाद शहर शिवसेना उबाठा के नेता एवं उबाठा शहराध्यक्ष अजित काले एवं उनके साथियों द्वारा शिर्के का शहर में जोरदार स्वागत करने के बाद शहर में इस चर्चा ने जोर पकड़ा कि आगामी नगर परिषद के चुनाव में मनसे उबाठा दोनों की युति होगी और दोनों एक साथ मिलकर चुनाव लड़क सकते हैं. नपा चुनाव के लिए प्रारूप प्रभाग रचना की घोषणा के बाद प्रभाग आरक्षण होगा, तो उसके बाद स्थिति साफ होगी कि कौन सा प्रभाग आरक्षित हुआ है और कौन सा जनरल है. इस आरक्षण लाटरी पर शहर के सभी पक्ष के नेताओं एवं इच्छुकों की गहरी नजर लगी हुई है. वैसे अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि शहर में भाजपा और शिवसेना शिंदे गट में युति होगी भी या नहीं. इसके लिए किसी भी प्रकार की हालचाल अब तक शुरू नहीं हुई है. वरिष्ठों के आदेश पर ही ये सब कुछ निर्भर है. कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस (शप) के कुछ नेताओं के बीच भी युति का मामला अभी रुका हुआ है. राकांपा (अप) गट और आरपीआई आठवले पक्ष के नेताओं ने भी अभी तक ये स्पष्ट नहीं किया है कि वह अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेंगे अथवा किसी अन्य पक्ष का समर्थन करेंगे. नपा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. गणेशोत्सव में नेताओं, इच्छुक उम्मीदवारों का मंडलों घरेलू गणपति के लिए घर-घर जाकर भेंट करने का सिलसिला शुरू हो चुका है.

# अंबरनाथ सर्कस मैदान का नाट्यगृह कब बनेगा?



- 39 करोड़ खर्च से बनाए जा रहे नाट्यगृह का हाल भी पूर्व के नाट्यगृह की तरह होगा
- जून-2024 में होना था उद्घाटन

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में गत कई वर्षों से निर्माणाधीन नाट्यगृह कब पूरी तरह बनकर तैयार होगा? ऐसा प्रश्न शहरवासी नपा प्रशासन एवं विधायक, सांसद से कर रहे हैं. अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 39 करोड़ रुपयों के खर्च से सर्कस मैदान में निर्मित हो रहे इस नाट्यगृह को जून 2024 में जनता की सेवा में लोकार्पण किया जाना था. ऐसा वादा लोकसभा चुनाव से पूर्व सांसद श्रीकांत शिंदे ने अपने विकास दशक अहवाल में पेश किया था. पूर्व मुख्याधिकारी रसाल ने बाद में कहा कि जनवरी में नाट्यगृह का उद्घाटन होगा. लेकिन जनवरी के बात 15 अगस्त 2025 बीत जाने के बाद भी ये नाट्यगृह पूरी तरह बनकर तैयार नहीं है. कहीं ये नाट्यगृह भी शहर पूर्व में गत दस वर्षों से बन रहे यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह की तरह खंडहर ना बन जाए. ऐसी आशंका नाट्यप्रेमी व्यक्त कर रहे हैं. 39 करोड़ रुपए सांसद निधि से सर्कस मैदान में नाट्यगृह का निर्माण कार्य धीमा पड़ गया है. मुख्याधिकारी एवं प्रशासक उमाकांत गायकवाड़ भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं.

विदित हो कि 600 दर्शकों के आसन वाले, वातानुकूलित व्यवस्था, भव्य पार्किंग, अत्याधुनिक सुविधाओं से ये नाट्यगृह निर्माण के लिए गत एक वर्ष से उसके बाहरी भाग का कार्य धीमी रफ्तार से चल रहा है. क्या पूर्व के नाट्यगृह की ही तरह पश्चिम में निर्माण किए जा रहे नाट्यगृह को नपा प्रशासन पार्किंग बना देगा? ऐसी आशंका अब शहरवासी व्यक्त कर रहे हैं.

—

# सुधारगृह की खुली पोल

- नहीं रहना चाहती लड़कियाँ
- 6 में से 4 लड़कियां मिलीं

**उल्हासनगर.** ठाणे जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित उल्हासनगर स्थित महिला किशोर सुधार गृह से छह लड़कियों के भागने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इनमें से चार मिल गई हैं, जबकि दो लड़कियाँ अभी भी लापता हैं। कुछ महीने पहले भी इसी सुधार गृह से आठ लड़कियाँ सुरक्षा दीवार फांदकर भाग गई थीं। इससे बाल सुधार गृह के प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं।

यह सुधार गृह उल्हासनगर तहसीलदार कार्यालय के बगल में स्थित है। इस सुधार गृह में रहने वाली छह लड़कियाँ पिछले हफ्ते सुधार गृह प्रबंधन से बचकर यहाँ से भाग गईं। इसकी सूचना मिलने पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग ने पुलिस की मदद से इन लड़कियों की तलाश के लिए अभियान चलाया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नमिता शिंदे ने बताया कि भागी हुई छह लड़कियों में से चार मिल गई हैं। उल्हासनगर पुलिस ने चार लड़कियों को तो ढूंढ लिया है, लेकिन दो अभी भी लापता हैं। इनमें से एक लड़की पश्चिम बंगाल और दूसरी असम की है। बरामद लड़कियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वे इसलिए भागी थीं क्योंकि वे सुधारगृह में नहीं रहना चाहती थीं।

# कालानी को लगा सबसे बड़ा झटका

- राकांपा शरद पवार गुट के दो पूर्व नगरसेवकों ने भाजपा का दामन थामा

## सबसे पुराने कालानी समर्थक भाजपा में शामिल





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में धीरे-धीरे अपना वर्चस्व खो रहे कालानी को कल एक और झटका तब लगा जब उनके सबसे पुराने समर्थक व पूर्व नगरसेवक सतरामदास जेसवानी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की उपस्थिति व उल्हासनगर शहराध्यक्ष राजेश वधरिया के मार्गदर्शन में भाजपा में प्रवेश कर लिया। उनके साथ एक और पूर्व नगरसेविका के पति महादेव बगाडे ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। यह दोनों राकांपा शरद पवार गुट के नगरसेवक रह चुके हैं। आगामी मनपा चुनाव से पूर्व कालानी के लिए यह बहुत बड़ा झटका है क्योंकि उल्हासनगर-4 व 5 में उनके समर्थक अब ना के बराबर रह गए हैं।

ज्ञात हो कि मंगलवार शाम को भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण उल्हासनगर भाजपा जिला कार्यालय आए हुए थे जहां उन्होंने आगामी चुनावों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक चर्चा की। इस दौरान कालानी के कट्टर समर्थक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरसेवक सतरामदास जेसवानी, रवि जेसवानी, जीतू जेसवानी, महादेव बगाड़े ने भाजपा में प्रवेश किया। अध्यक्ष राजेश वधरिया ने कहा इस प्रवेश से उल्हासनगर 4 व 5 में भाजपा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले मनपा चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिलेगी और महापौर भी भाजपा का ही होगा। इस प्रवेश कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल थे।

# कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को बरी किया

- मां कोर्ट में हो गई बेहोश

**कल्याण.** कल्याण में कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में जब आरोपी को बरी किया तो उसकी मां कोर्ट में बेहोश हो गई। युवक पर 6 साल की बच्ची से बलात्कार करने का आरोप लगा था। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उसे बरी किया, तो मां कोर्ट में बेहोश हो गई। इसके बाद यह पूरी घटना सुर्खियों में आ गई। घटना के वक्त आरोपी युवक के परिजनों ने कहा था कि वह निर्दोष है लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हु पुलिस ने उसे अरेस्ट किया था। इसके बाद उसे अलग-अलग परिस्थितियों के चलते छह साल जेल में काटने पड़े। कोर्ट ने जब



फैसला सुनाय तो मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

- 2020 में लगा था दुष्कर्म का आरोप

जानकारी के अनुसार जनवरी 2020 में कल्याण पश्चिम के वालधुनी इलाके की एक महिला ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले अल्ताफ खान ने अपने घर में बुलाकर उसकी लगभग 6 साल की बेटी के साथ बलात्कार किया है। इसके बाद महात्मा फुले पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी अल्ताफ खान को गिरफ्तार कर लिया गया। अल्ताफ के परिवार ने तब भी कहा था कि वह निर्दोष है। उसने कुछ नहीं किया है। जिस दिन का घटना का जिक्र शिकायत में है, हम सब घर पर थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। एक ओर जांच चल रही थी तभी कोविड शुरू हो गया। इसके बाद कल्याण जिला सत्र न्यायालय ने उसकी जमानत अर्जी 2 बार खारिज कर दी। परिवार को बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख करना पड़ा। हाईकोर्ट ने भी उसकी जमानत अर्जी 2 बार खारिज की।

अल्ताफ नाम के आरोपी की दुष्कर्म के मामले में एक हिंदू वकील ने पैरवी की। जब यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में गया तो वकील गणेश घोलप ने अदालत में अल्ताफ की ओर से बहस की। अल्ताफ के खिलाफ कोई सबूत नहीं था। ऐसे में उसे बरी कर दिया गया। कोर्ट से बरी होने के बाद लभगभग 6 साल बाद अल्ताफ को जेल से बाहर आने को मिला है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के फैसले के बाद अल्ताफ ने कहा कि अब मैं अपना अगला जीवन जी पाऊंगा। खास बात यह है कि अदालत ने अल्ताफ को बरी करने का जब फैसला सुनाया, उसकी मां कोर्ट में ही मौजूद थी। जज का फैसला सुनते ही वह बेहोश हो गई। इसके बाद कोर्ट परिवार में थोड़ा अफरा-तफरी मच गई। मां को तुरंत चिकित्सीय मदद दी गई।

## पत्रकार को शिवसेना के गोपाल लांडगे की तस्वीरें दिखाकर धमकाया

**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के शिवाजी चौक पर मंगलवार रात करीब 11 बजे बाइक सवार एक युवक ने पत्रकार सुरेश काटे की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में काटे का हाथ घायल हो गया। काटे ने जैसे ही युवक को शांति से बाइक चलाने की सलाह दी, युवक ने पत्रकार काटे को शिंदे शिवसेना के जिला अध्यक्ष गोपाल लांडगे और वरिष्ठ शिवसैनिक नितिन माने की तस्वीरें दिखाते हुए गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। पत्रकार की बाइक को टक्कर मारने के बाद युवक अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा. उसने कल्याण से शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल लांडगे और वरिष्ठ शिवसैनिक नितिन माने की तस्वीरें दिखाकर पत्रकार काटे को धमकाया. आखिरकार, पत्रकार काटे ने तुरंत पुलिस और यातायात पुलिस को युवक द्वारा सड़क पर किए जा रहे शोर की सूचना दी। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने तुरंत घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन से पुलिस अधिकारियों को मौके पर भेजा। जब तक पुलिस मौके पर पहुँची, तब तक युवक दो युवतियों के साथ दोपहिया वाहन पर जा चुका था।

# युवक पर जानलेवा हमला

- 12 घंटे के भीतर आरोपी दौंड से गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 1 स्थित गुलशन नगर में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहनवाज खलील अहमद अंसारी (30) अपनी भतीजी को परेशान करने की शिकायत लेकर आरोपी इब्राहिम सलीम शेख के घर गया था, जहां इब्राम ने चाकू से उस पर पेट में वार कर दिया। शाहनवाज की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस की तीन टीमों ने उसकी तलाश शुरू कर दी गई। आरोपी ने मोबाइल घर पर ही छोड़ दिया था। उसने पुणे के पास दौंड स्टेशन पर एक दुकानदार से अपने पिता को फोन किया, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस हो गई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष आव्हाड के मार्गदर्शन में उल्हासनगर पुलिस दल पीएसआई लहू सातपुते, मोहन श्रीनिवास, जावेद मुलानी, सिद्धार्थ गायकवाड़, भूषण खैरनार, अविनाश जाधव और सुशिल पाटिल – टीमों ने 12 घंटे की अथक मेहनत से आरोपी को दौंड रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया.

# पारंपरिक तरीके से गणपति विसर्जन



**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के वडवली कोलीवाड़ा गाँव में मंगलवार को पारंपरिक तरीके से 7 दिवसीय गणपति विसर्जन किया गया। पूर्वजों द्वारा वर्षों पहले शुरू की गई गणपति की मूर्ति को सिर पर रखकर विसर्जन करने की परंपरा आज भी गाँव की नई पीढ़ी द्वारा निभाई जा रही है। गाँव के एक छोर से गाजे-बाजे के साथ गणपति की शोभायात्रा निकाली जाती है। ग्रामीण एक समय पर गाँव के अंतिम छोर पर गणपति की मूर्ति को लेकर गाँव से निकलते हैं। और उत्साह के माहौल में गणपति की मूर्ति को उल्हास नदी में विसर्जित किया जाता है।

ग्रामीण सुरक्षित तरीके से उल्हास नदी में गणपति की मूर्ति का विसर्जन कर सकें, इसके लिए कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के वार्ड ए के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने गाँव क्षेत्र में कृत्रिम तालाबों की भी अच्छी व्यवस्था की है। कुछ गणेश भक्तों ने इन तालाबों में और कुछ ने उल्हास नदी में गणपति की मूर्ति का विसर्जन किया। वडवली कोलीवाड़ा गाँव के द्वार पर, सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने महानगरपालिका की ओर से गणपति की मूर्ति सिर पर रखकर गाँव से निकले गणपति भक्त का गुलाब के फूल से स्वागत किया।

जिस घर में गणपति की मूर्ति होती है, उसकी गणपति की मूर्ति आरती के बाद विसर्जन जुलूस में शामिल होती है और फिर उसी समय भजन गाते और जयकारे लगाते हुए गाँव के द्वार पर आती है। इस जुलूस में महिलाएँ और बच्चे भी शामिल होते हैं। इस अवसर पर पूरा गाँव एक साथ आता है। वडवली कोलीवाड़ा गाँव के निवासी और शिंदे शिवसेना के युवा सेना प्रमुख वैभव दुर्योधन पाटिल ने बताया कि यहाँ एक विशेष उत्साह और खुशी का माहौल होता है। उन्होंने कहा कि महानगरपालिका ने विसर्जन स्थलों के लिए अच्छी व्यवस्था की है।

> हम आज भी अपने पूर्वजों की परंपरा का पालन करते हैं कि गाँव की गणपति की मूर्ति को सिर पर रखकर विसर्जन के लिए जाते हैं। कोई भी निवासी गणपति की मूर्ति को गाड़ी में विसर्जन के लिए नहीं ले जाता। इस जुलूस के माध्यम से हर साल गणेश जी को विदाई देने के लिए गाँव के लोगों के एक साथ आने की तस्वीर देखने को मिलती है।
>
> – **वैभव पाटिल,** निवासी, वडवली कोलीवाड़ा।

## कल्याण में सामाजिक कार्यकर्ता का शिवसेना में प्रवेश

**कल्याण.** शिवसेना प्रमुख एवं राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के विकास कार्यों और कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार से प्रभावित होकर, खड़ेगोलवाली क्षेत्र के कई लोगों ने रविवार को शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की।

यह प्रवेश शिवसेना उत्तरभारतीय विभाग के कल्याण शहर प्रमुख सी.पी. मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

नए शामिल होने वालों में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (कल्याण) के अध्यक्ष विजयेंद्र उमाकांत सिंह, राजेंद्र सिंह, बृजेश दीक्षित, मनोज तिवारी, रोहित वर्मा और मनीष यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर श्री सी.पी. मिश्रा ने कहा कि "शिवसेना में शामिल होकर यह सभी समाज को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा विकास कार्यों में सक्रिय योगदान देंगे।

# तलाठी कार्यालय में राजस्व दस्तावेज चुराने का प्रयास

- आधी रात को ताला तोड़कर घुसे भूमाफिया
- मंडल अधिकारी द्वारा अपराध दर्ज




**कल्याण.** डोंबिवली पश्चिम में महात्मा गांधी रोड स्थित भावे हॉल स्थित तलाठी कार्यालय के दरवाजे का ताला और कुंडी तोड़कर कुछ भू-माफियाओं द्वारा रात में कार्यालय से राजस्व विभाग के कुछ दस्तावेज चुराने का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। दरवाजा तोड़ने के बाद, भू-माफिया जाते समय दरवाजे पर नया ताला लगा गए। फिर वे वहां से भाग गए। इस चोरी के मामले में, ठाकुरली तलाठी के मंडल अधिकारी रवींद्र कालूराम जामदारे ने विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

डोंबिवली पश्चिम में महात्मा गांधी रोड स्थित भावे हॉल में तलाठी और मंडल कार्यालय है। डोंबिवली पूर्व-पश्चिम भौगोलिक क्षेत्र के भू-राजस्व दस्तावेज इसी कार्यालय में हैं। डोंबिवली में जमीन की कीमतें बढ़ गई हैं। भू-स्वामी अपनी एक इंच जमीन भी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। अब ज़मीन के एक छोटे से टुकड़े पर भी अपनी मर्ज़ी से निर्माण किया जा सकता है। जब से भू-माफियाओं को यह बात समझ में आई है, वे तलाठी कार्यालय से ज़मीन के दस्तावेज़ हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कभी-कभी ज़मीन का मालिक एक होता है और उस ज़मीन पर रहने वाला दूसरा। इसी वजह से डोंबिवली शहर में कुछ ज़मीनों को लेकर विवाद चल रहे हैं। ऐसी ज़मीनों के असली दस्तावेज़ और नकली दस्तावेज़ भू-माफियाओं द्वारा बनाए जाते हैं। राजस्व दस्तावेज़ नकली होने पर भी, भू-माफिया उससे खूब पैसा कमाते हैं। डोंबिवली में अवैध रूप से बनी 65 इमारतें भू-माफियाओं ने किसी और के राजस्व दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करके, सात या बारह नकली दस्तावेज़ बनाकर बनाई हैं।

ऐसे नकली दस्तावेज़ बनाने के लिए, मूल दस्तावेज़ों की जाँच ज़रूरी है। कभी-कभी, ऐसे दस्तावेज़ जारी करते समय, राजस्व विभाग मूल मालिक का सवाल उठाता है और भू-माफियाओं को दस्तावेज़ देने से मना कर देता है। कुछ भू-माफिया दस्तावेज़ चुराकर या अन्य स्त्रोतों से उन दस्तावेज़ों को हासिल करने की कोशिश करते हैं। चर्चा है कि यह चोरी इसी तरह की गई थी।

### जाते-जाते नया ताला लगाकर गए

पिछले सप्ताह भावे हॉल स्थित तलाठी और मंडल कार्यालय शाम 5 :30 बजे तक खुले थे। शाम 5 :45 बजे तलाठी और मंडल अधिकारी कार्यालय बंद करके हमेशा की तरह चले गए। उसके बाद, कार्यालय दो दिन, शनिवार और रविवार, के लिए बंद रहा। इसी मौके का फायदा उठाकर आधी रात के आसपास एक अज्ञात चोर ने तलाठी कार्यालय के दरवाजे का हैंडल और ताला एक नुकीली लोहे की छड़ से तोड़ दिया। वह दरवाजे का हैंडल तोड़कर कार्यालय में घुस गया। उसने राजस्व दस्तावेज चुराने की कोशिश की। जाते समय चोर ने कार्यालय पर एक नया ताला लगा दिया और वहां से भाग गया।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## आस्ट्रेलिया में पनपा नव-नाजियों का समूह

मौजूदा लोकतांत्रिक स्वरूप में आने तक दुनिया ने वैचारिक पूर्वाग्रहों के कई दुखद दौर देखे हैं। नस्लीय दुराग्रहों पर आधारित नाजीवाद का वक्त उनमें से एक था और उससे पार पाने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी गई, कुर्बानियां दी गईं। इसके बाद आधुनिक विश्व में अगर किसी लोकतांत्रिक ढांचे वाले देश में ऐसी विचारधारा जड़ पकड़ती है और उसके निशाने पर कुछ खास समुदाय आते हैं, तो यह बेहद अफसोस और चिंता की बात है।

जिन प्रवासियों ने आस्ट्रेलिया के विकास में योगदान दिया, सांस्कृतिक पहचान बनाई, आज उन्हीं को देश के लिए खतरा बता कर कई शहरों में आव्रजन विरोधी रैलियां निकाली जा रही हैं। इनमें खासतौर से आस्ट्रेलियाई-भारतीयों को निशाने पर लिया गया है। इस दौरान जिस तरह की सामग्री बांटी गई, उनमें नस्लवादी विचार तो थे ही, साथ ही इसकी जांच में इससे नव-नाजी समूहों के संबंध का भी पता चला है। हैरानी की बात है कि आधुनिक विश्व में जहां नाजीवाद की छाया से भी दूर रहना जरूरी माना जाता है, वहां कुछ लोग इसके आकर्षण में फंसे दिखते हैं। आस्ट्रेलिया में पनपा नव-नाजियों का समूह छोटा अवश्य है, लेकिन इसका विस्तार इस देश की सामाजिक समरसता को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

गनीमत यह है कि आस्ट्रेलिया की सरकार ने इस तरह के दुराग्रहों को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। मगर पिछले दिनों नफरत पर आधारित कुछ घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। ऐसे माहौल में भारतीयों की सुरक्षा और सहजता से जीने के अधिकार का मसला सबसे अहम है। भारत सरकार को इस मुद्दे पर आस्ट्रेलिया से संवाद बनाए रखना चाहिए, क्योंकि वहां फिलहाल भारतीय मूल के साढ़े आठ लाख लोग रह रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने स्वयं आप्रवासन को समायोजित किया है।

इससे न केवल उसके विकास की रफ्तार बढ़ी, बल्कि दुनिया में उसकी बहु-सांस्कृतिक छवि भी बनी है। आस्ट्रेलिया के सत्तापक्ष से लेकर विपक्ष ने भी नव-नाजियों के रुख को शर्मनाक बताया है और स्पष्ट कर दिया है कि किसी तरह का नस्लवाद सहन नहीं किया जाएगा। उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया सरकार की ओर से नव-नाजियों के उभार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# गरीबों का सशक्त बनाने वाली जनधन योजना

इसे विडंबना ही कहेंगे कि आजादी के 67 साल बाद भी देश के आधे परिवारों के लिए बैंकिंग तक पहुंच दूर का सपना था। वित्तीय सुरक्षा के अभाव में गरीबों के सपने कभी साकार नहीं हो पाते थे। तब भले ही बैंकों को गरीबों का हितैषी कहा जाता हो, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर उनका ढांचा गरीबों के अनुकूल नहीं रहा। देश में गरीबी की व्यापकता एवं उद्यमशीलता के माहौल में कमी का एक बड़ा कारण बैंकों तक गरीबों की पहुंच न होना रहा।

1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि अब बैंकों की चौखट तक गरीबों की पहुंच बढ़ेगी, पर समय के साथ यह उम्मीद धूमिल पड़ती गई। 2013 में रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने वित्तीय समावेशन पर नचिकेता मोर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति ने सभी लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के लिए अधिक व्यापक वित्तीय ढांचे की सिफारिश करते हुअ कहा कि चूंकि गरीब बचत करते हैं, इसलिए उनके लिए एक ऐसी सुरक्षित एवं ब्याज कमाने वाली औपचारिक योजना की जरूरत है, जिस तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

आजादी के 67 वर्षों तक जहां आम आदमी को आसानी से बचत खाता तक नसीब नहीं हुआ, वहीं भ्रष्ट नेताओं-नौकरशाहों-ठेकेदारों के बैंक खाते विदेशी बैंकों में खुले। बैंकों की सीमित पहुंच का दुष्परिणाम यह हुआ कि हर स्तर पर बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की भरमार हो गई। इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह कहकर स्वीकार भी किया था कि विकास के लिए दिल्ली से चला एक रुपया गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा ही रह जाता है।




स्पष्ट है शेष 85 पैसा बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की जेब में जाता था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने "सबका साथ-सबका विकास" के लिए आम जनता को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का जो बीड़ा उठाया था, उसी के तहत थी जनधन योजना। "हर घर का पासबुक" जैसा महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से पीएम जनधन योजना शुरू करने का ऐलान किया।

इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई और इस दिन बैंकों ने गरीबों का खाता खोलने के लिए देश भर में 60,000 शिविर लगाए। पहले ही दिन देश भर में डेढ़ करोड़ बैंक खाते खोले गए। इस कामयाबी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने 28 अगस्त को 'वित्तीय स्वतंत्रता दिवस" करार दिया। आम तौर पर गरीबों की हितैषी वाली योजनाएं शुरू में तो धूम-धड़ाके के साथ होती हैं, लेकिन बाद में वे भ्रष्ट तत्वों के जीने-खाने का जरिया बन जाती हैं, परंतु जनधन योजना के साथ ऐसा नहीं हुआ। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते 2014 के पांच महीनों में दस करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गए, जो एक विश्व रिकार्ड है।

गरीबों को बैंकिंग प्रक्रिया से जोड़ने की यह गति अभी भी जारी है। पिछले 11 वर्षों में 56.16 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं। इनमें से 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध शहरी क्षेत्रों में खोले गए और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इस प्रकार जनधन योजना वित्तीय समावेशन के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए भी मील का पत्थर साबित हुई। इन खातों में कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ है। इन खातों से जुड़े 38 करोड़ से अधिक रूपे कार्ड जारी किए गए हैं। इससे डिजिटल लेन-देन आसान हुआ है। एक तरह से इस योजना ने नकदी रहित भुगतान के लिए नींव का काम किया।

पीएम जनधन योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हर स्तर पर भ्रष्टाचारियों-बिचौलियों का उन्मूलन हो गया। आज केंद्र सरकार की 327 सरकारी योजनाओं का पैसा प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जा रहा है। यदि केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों की योजनाओं को भी मिला लें तो कुल 1200 योजनाओं में से 1100 योजनाएं डीबीटी के दायरे में आ चुकी हैं। डीबीटी की सफलता में जेएएम यानी जनधन, आधार और मोबाइल का महत्वपूर्ण स्थान है। जेएएम के कारण ही भारत में डिजिटल पेमेंट का आंदोलन संभव हो पाया।





**ध्यानाभ्यास इस प्रेम-रहित संसार में प्रेम लाता है।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# रूस-चीन के साथ समीकरण अमेरिका के लिए चुनौती

शक्ति का दंभ कई बार जल्दबाजी का वाहक बनता है और इस क्रम में जो फैसले लिए जाते हैं, अक्सर उन्हें लेकर ऊहापोह बना रहता है। ऐसी स्थिति में आशंकाओं के घेरे की वजह से विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक होती हैं। अमेरिका ने जिस तरह एकतरफा तौर पर अपने यहां आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने का फैसला किया, वह पहले ही सवालों के घेरे में था। उसके बाद जब उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, तब यह साफ था कि वह व्यापार वार्ता में अपनी शर्तों पर भारत की हामी चाहता है।

मगर पिछले कई दशकों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापार का जो स्वरूप खड़ा हुआ है, उसमें भारत के लिए अमेरिका की हर बात मानना संभव नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका के रुख में सख्ती के समांतर भारत ने झुकने के बजाय अपने लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करना शुरू कर दिया। एक शानदार कूटनीति का परिचय देते हुए भारत ने रूस और चीन के साथ बातचीत को आगे बढ़ाया और चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के घोषणापत्र में भी अपने हित के मुद्दे को शामिल कराने में कामयाबी हासिल की।

गौरतलब है कि रूस और भारत के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं।



चीन के साथ सीमा विवाद के कई प्रश्न हैं और उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती, लेकिन फिलहाल आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रख कर भारत ने जो कूटनीतिक बिसात तैयार की है, उसमें रूस भी अहम भूमिका में है। अगर रूस और चीन के साथ संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े, तब स्वाभाविक ही इससे एक नया समीकरण बनेगा, जो आर्थिक और सामरिक दृष्टि से अमेरिका के लिए चुनौती साबित हो सकता है।

यही वजह है कि शुल्क लगाने को लेकर बेहद हड़बड़ी में कदम उठाने के बाद से ही अमेरिका के राष्ट्रपति और अन्य नेताओं के आए दिन ऐसे बयान सामने आ रहे हैं, जिससे ऐसा लगता कि वे दबाव पैदा करके भारत के फैसलों को प्रभावित करना चाहते हैं। अमेरिका की ओर से एक दिन शुल्क लगाने से उपजी समस्या का समाधान निकालने की उम्मीद जताई जाती है, तो अगले ही दिन धमकी या दबाव की भाषा अख्तियार कर ली जाती है। भारत ने अगर चीन में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में ठोस भागीदारी के साथ-साथ रूस और चीन के साथ संबंधों को एक नया आयाम देने की कोशिश की, तो इसमें अमेरिका के विरोधाभासी रवैये की भी बड़ी भूमिका है।

यह विचित्र है कि बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अमेरिका को यह समझने की जरूरत नहीं लगी कि अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रह गई है। भारत निश्चित रूप से अपने हित में अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को एक संतुलित आकार देना चाहता है, लेकिन अमेरिका के लिए अपनी शर्तें ज्यादा अहम हो गई लगती हैं। यही वजह है कि भारत ने वैकल्पिक उपाय के रूप में रूस और चीन के साथ सहयोग के मोर्चे की दिशा में ठोस कदम उठाए।

जब इसके नतीजे में रूस और चीन की ओर से भारत को लेकर एक विवेकसम्मत प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है, तो अमेरिका के व्यापार सलाहकार इसे चिंताजनक बता रहे हैं। सवाल यह है कि अगर अमेरिका अपने ही विरोधाभासी फैसलों से घिरा रहता है, तो उसे भारत के अपने हित में उठाए गए कदमों से परेशानी क्यों होनी चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बहुध्रुवीय विश्व में अमेरिका सहित किसी भी एक देश की मनमानी नहीं चल सकती।

# महिला कर्मचारी ने मालिक को ही नौकरी से निकाला!

एक महिला को जब कंपनी से प्रमोशन नहीं मिला तो, इस बात से नाराज होकर उसने पूरी की पूरी कंपनी ही खरीद ली. फिर कुछ ऐसा

**जरा हट के**

किया, जिसे जान आप हैरान रह जाएंगे. तो हुआ यूं कि महिला कर्मचारी को एपलबीज कंपनी में सीईओ की पोजीशन देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में इसके लिए मना कर दिया गया. इस बात से गुस्सा महिला ने कुछ सालों बाद महिला ने पूरी एपलबीज कंपनी खरीद ली. फिर उस बॉस जिसने उसे सीईओ बनाने से मना किया था, उसे कंपनी से निकाल दिया.

इस बात का खुलासा सीरियल इंटरप्रेन्योर और रेस्टोरेंट ग्रुप एग्जीक्यूटिव रह चुकी जूलिया स्टीवर्ट ने एक पॉडकास्ट में किया था. उन्होंने बताया था कि वह पहले एपलबीज कंपनी की प्रेसिडेंट थी तब उन्हें वादा किया गया था कि अगर वह कंपनी को फायदा दिलाने में सफल रही तो उन्हें सीईओ का



बना दिया जाएगा.

स्टीवर्ट बताती है कि उसने एक नई टीम बनाई और कंपनी को ऊपर उठाने में दिन-रात मेहनत की. स्टीवर्ट ने तीन साल की मेहनत के बाद कंपनी को फायदा भी पहुंचाया. वादे के अनुसार जब स्टीवर्ट सीईओ से पूछने गई की अब मेरे प्रमोशन का समय आ गया है तो सीईओ अपनी बात से मुकर गया.

स्टीवर्ट ने जब प्रमोशन न मिलने के पीछे की वजह मांगी तो उसे वो भी नहीं बताई गई. इन सब चीजों के चलते स्टीवर्ट ने एपलबीज से रिजाइन दे दिया और IHOP (इंटरनेशनल हाउस ऑफ पैनकेक) को जॉइन कर दिया. महिला ने फिर IHOP में पांच साल बिताए और कंपनी में सफलता मिलने पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर को दूसरी कंपनी खरीदने का सुझाव दिया.

### सीईओ को कंपनी से निकाला

दूसरी कंपनी खरीदने के विचार से स्टीवर्ट को ध्यान आया कि वो उसकी पुरानी कंपनी एपलबीज भी खरीद सकते हैं. फिर सोच-विचार के बाद, IHOP ने एपलबीज को 2.3 बिलियन डॉलर में खरीद लिया. स्टीवर्ट ने इसके बाद अपने पुराने बॉस एपलबीज के सीईओ को कंपनी से निकाल दिया, जिसने कभी उससे सीईओ बनाने के झूठा वादा किया था.

खाना-खजाना

# मटर-पनीर की सब्जी

**सामग्री :**

- पनीर- 250 ग्राम
- हरे मटर- 1 कप
- प्याज- 2 बड़े
- टमाटर- 3 बड़े
- अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- हरा धनिया
- तेल या घी- 2-3 बड़े चम्मच
- जीरा- 1 छोटा चम्मच
- हरी मिर्च- 1-2
- हल्दी - ½ छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर- 1 बड़ा चम्मच
- गरम मसाला- 1 छोटा चम्मच
- कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- काजू पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- ताजी क्रीम- 2 बड़े चम्मच
- नमक- स्वादानुसार

**विधि :**

सबसे पहले पनीर के क्यूब्स को थोड़े से घी या तेल में हल्का सुनहरा होने तक तल लें। इसे बाहर निकालकर अलग रख दें। इससे पनीर टूटता नहीं है और ग्रेवी में



अपना आकार बनाए रखता है।

अब एक कुकर या भारी तले की कड़ाही में तेल या घी गर्म करें। उसमें जीरा डालें। जब जीरा चटकने लगे, तो बारीक कटा हुआ प्याज डालें और उसे सुनहरा भूरा होने तक भूनें। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर 2 मिनट तक भूनें। फिर बारीक कटे टमाटर डाल दें। सारे मसाले डालकर अच्छी तरह मिलाएं। टमाटर के पूरी तरह गल जाने और तेल अलग होने तक इसे पकाएं। मसाले को ठंडा होने दें और फिर इसे ब्लेंडर में पीसकर एक महीन पेस्ट बना लें।

अब उसी कड़ाही में थोड़ा और तेल डालें। अगर आप काजू पेस्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो उसे हल्का भून लें। अब तैयार किया हुआ प्याज-टमाटर का पेस्ट वापस कड़ाही में डालें। इसे मध्यम आंच पर 4-5 मिनट तक पकाएं ताकि स्वाद और अच्छे से घुल जाएं।

अब इसमें हरे मटर डालें और 1 कप पानी डालकर कुकर का ढक्कन लगा दें। एक सीटी आने तक पकाएं या फिर कढ़ाई में ही तब तक पकाएं जब तक मटर नरम न हो जाएं। अब इसमें तले हुए पनीर के क्यूब्स डालें। धीमी आंच पर 5-6 मिनट के लिए पकाएं ताकि पनीर ग्रेवी का स्वाद ले सके।

# महिलाओं को सोने से पहले कर लेने चाहिए ये 5 काम

उम्र का बढ़ना तो एक नेचुरल प्रक्रिया है, इसलिए उम्र बढ़ने को लेकर चिंता करने की बजाय सेहतमंद रहने के तरीकों के बारे में सोचना चाहिए। खासकर, अपने 50वें दशक में प्रवेश कर रही महिलाओं के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है। इस उम्र में होने वाले हॉर्मोनल बदलाव सेहत पर उल्टा प्रभाव डाल सकते हैं, लेकिन कुछ आसान आदतों को दिनचर्या में शुमार कर एक हेल्दी लाइफ जी जा सकती हैं।

### उड़ न जाए नींद

50 साल से अधिक उम्र की ज्यादातर महिलाएं नींद से जुड़ी परेशानी या इन्सोम्निया की शिकायत करती हैं। इसका कारण प्रीमेनोपॉज और मेनोपॉज की वजह से होने वाले हॉर्मोनल बदलाव हो सकते हैं। तेज गर्मी लगना और रात में पसीना आना इसके कुछ लक्षण हैं और इस वजह से नींद आने में परेशानी आ सकती है। एक्सपर्ट सोने से पहले अल्होकल युक्त ड्रिंक ना लेने की सलाह देते हैं।

### प्रोटीन से भरपूर हो स्नैक

पचास की उम्र के बाद हॉर्मोन्स में होने वाले बदलावों की वजह से महिलाओं का मसल मास तेजी से घटने लगता है। मेनोपॉज़ के दौरान एस्ट्रोजेन हॉर्मोन का स्तर कम होने से हड्डियों की डेंसिटी और मांसपेशियों की ताकत भी कम होने लगती है, ऐसे में सोने से पहले प्रोटीन से भरपूर स्नैक लेने की सलाह दी जाती है। आप चाहें तो पनीर ले सकती हैं या प्लांट बेस्ड



प्रोटीन स्मूदी बनाकर पी सकती हैं। इसके साथ ही मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने वाली एक्सराइज करने से और भी फायदा होगा।

### ब्रश करना न भूलें

वैसे तो सोने से पहले हर किसी को ब्रश जरूर करना चाहिए लेकिन इस उम्र की महिलाओं के लिए यह और भी जरूरी हो जाता है। इस उम्र में ड्राय माउथ, दांतों में सड़न, मसूड़ों की बीमारियां और ओरल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इससे सिर्फ ओरल हेल्थ ही नहीं आपकी पूरी सेहत पर असर पड़ सकता है। यदि आपके दांत इस उम्र में भी स्वस्थ बने रहेंगे तो आप खाने से ज्यादा बेहतर तरीके से भरपूर पोषण ले पाएंगी।

### पानी का ग्लास रखें पास

इस उम्र में रात के समय पसीना आने की परेशानी बढ़ती है और डिहाइड्रेशन हो सकता है। ऐसे में पानी का ग्लास साइड टेबल पर रखा होने से आप आसानी से बॉडी को हाइड्रेट कर सकती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार यदि ज्यादा गला सूखने से पहले ही ठंडा पानी पी लिया जाए तो हॉट फ्लैशेज का खतरा कम हो जाता है।

### गहरी सांस लेने की कोशिश करें

दिमाग और बॉडी को शांत रखने के लिए पेट से ली जाने वाली गहरी सांस बहुत कारगर होती है। गहरी सांस लेने की इस प्रक्रिया से आपका नर्वस सिस्टम शांत होता है और अच्छी नींद आती है। डीप ब्रीदिंग की प्रैक्टिस हृदय रोगों के जोखिम को कम करती है, ब्लड प्रेशर में सुधार कर स्ट्रेस के स्तर को भी कम करती है। सोने से पहले इसका अभ्यास करने से स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल का स्तर घटता है। इस फैक्ट को प्रमाणित करने के लिए अभी भी रिसर्च जारी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। बुरे लोगों से दूर रहें।

**वृषभ :** दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मिथुन :** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय।

**कर्क :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। आय बनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

**सिंह :** परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। समय अनुकूल है। आलस्य त्यागकर प्रयास करें।

**कन्या :** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभ समय।

**तुला :** किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक :** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु :** जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर :** भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। शरीर कष्ट से बचें।

**मीन :** दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सब्जी में ज्यादा हो गया नमक तो न हों परेशान

- **किचन में रखे इस चीज से बढ़ाएं खाने का और स्वाद**

किचन में खाना बनाते वक्त अक्सर ऐसा हो जाता है कि सब्जी या करी में नमक ज्यादा पड़ जाता है. ऐसे में पूरा स्वाद बिगड़ जाता है और कई बार मेहनत से बनाई डिश भी खाने लायक नहीं रह पाती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है. कुछ आसान घरेलू नुस्खों से आप



सब्जी का स्वाद फिर से बैलेंस कर सकते हैं.

नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है और उसका स्वाद भी खट्टा होता है, खट्टा होने की वजह से नमक कम करने में यह काफी मदद करता है. अगर दाल या सब्जी में नमक ज्यादा हो जाए तो परेशान होने की जगह आप उस सब्जी में नींबू का रस डालकर नमक की मात्रा को कम कर सकती हैं.

घी भी ज्यादा नमक को कम करने में काफी अच्छा माना जाता है. अगर खाने में नमक के साथ मिर्च भी ज्यादा हो गई है तो उसके लिए सब्जियां या दाल में एक चम्मच देसी घी डाल दें.

अगर सब्जी में नमक ज्यादा हो गया है, तो आटे की छोटी-सी गोली या बेसन का गोला बनाकर उसमें डाल दें. इसे कुछ देर पकने दें, यह नमक को सोख लेगा और सब्जी का स्वाद सामान्य हो जाएगा.

कच्चे आलू नमक को खींचने में सबसे असरदार होते हैं. नमक ज्यादा हो तो सब्जी में आलू के कुछ टुकड़े डालकर 5-7 मिनट पकाएं. बाद में इन्हें निकाल दें, क्योंकि ये नमकीन हो जाते हैं।

अगर ग्रेवी वाली सब्जी है, तो उसमें दही या मलाई डालने से स्वाद बैलेंस हो जाता है. यह न सिर्फ नमक कम लगेगा बल्कि ग्रेवी और भी रिच और टेस्टी हो जाएगी.

अगर सब्जी या ग्रेवी में नमक ज्यादा पड़ गया है, तो उसमें काजू का पेस्ट डालें. यह ग्रेवी को गाढ़ा और रिच बना देता है और साथ ही नमक का स्वाद भी बैलेंस कर देता है. खासकर शाही पनीर, कढ़ाई पनीर या कोफ्ता जैसी डिशेज़ में यह तरीका सबसे ज्यादा काम आता है.

# मुंह में छालों से हो गए हैं परेशान

- **तुरंत आजमाएं 5 घरेलू नुस्खे**
- **जल्द मिल जाएगा आराम**

मुंह के छाले छोटे-छोटे घाव होते हैं, जो होंठों के अंदर, जीभ, मसूड़ों या गालों के अंदरूनी हिस्से पर हो सकते हैं. ये आमतौर पर सफेद या पीले रंग के होते हैं और इनके चारों ओर लाल रंग की सूजन हो सकती है. छाले कई कारणों से हो सकते हैं, जैसे- ज्यादा मसालेदार खाना, अत्यधिक तनाव, पेट की गर्मी, विटामिन B12 या आयरन की कमी, नींद की कमी या मुंह के टिश्यूज में चोट लगना. जब आप कुछ खाते या पीते हैं, तो छालों में जलन और दर्द होता है. मुंह में ज्यादा छाले हो जाएं, तो खाने-पीने के अलावा बोलने में भी परेशानी होने लगती है. अगर आप मुंह के छालों से परेशान हैं, तो आपको इससे राहत पाने के कुछ घरेलू नुस्खे जान लेने चाहिए. ये नुस्खे आपको तुरंत राहत दे सकते हैं.

- **मुंह के छालों से कैसे पाएं राहत**

**नारियल तेल लगाएं –** नारियल तेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो छालों को जल्दी ठीक करने में मदद करते हैं. दिन में 3-4 बार साफ उंगली से नारियल तेल छालों पर लगाएं. यह न केवल दर्द को कम करेगा, बल्कि संक्रमण से भी बचाएगा. साथ ही यह मुंह की सूजन को भी कम करता है और ठंडक पहुंचाता है.

**नमक के पानी से कुल्ला करें –** गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर गरारे करने से मुंह की सफाई होती है और छाले जल्दी



ठीक होते हैं. नमक में मौजूद एंटीसेप्टिक गुण संक्रमण को फैलने से रोकते हैं और घाव को सूखने में मदद करते हैं. दिन में 2-3 बार इस उपाय को अपनाएं, लेकिन ध्यान रखें कि नमक ज्यादा न हो, वरना जलन बढ़ सकती है.

**केले और शहद का मिश्रण –** केला और शहद दोनों ही ठंडक देने वाले और पोषण से भरपूर होते हैं. पका हुआ केला मैश करके उसमें आधा चम्मच शुद्ध शहद मिलाएं और इसे छाले पर कुछ मिनट तक लगाएं. फिर मुंह को ताजे पानी से धो लें. यह घरेलू उपाय पेट की गर्मी को शांत करता है और विटामिन की कमी को भी पूरा करता है.

**तुलसी की पत्तियां चबाएं –** तुलसी में इम्यून सिस्टम मजबूत करने वाले गुण होते हैं. रोज़ सुबह 4-5 तुलसी की पत्तियाँ चबाने से मुंह के छाले जल्दी ठीक होते हैं और दोबारा होने की संभावना कम हो जाती है. इसके अलावा तुलसी पेट को ठंडक देती है और पाचन को भी सुधारती है, जिस से छालों की जड़ पर असर होता है.

**शहद और हल्दी का लेप –** मुंह में छाले होने पर शहद और हल्दी का मिश्रण एक बेहतरीन और प्राकृतिक उपाय माना जाता है. शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो छालों की जलन को शांत करते हैं और घाव को जल्दी भरने में मदद करते हैं. वहीं हल्दी एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है, जो संक्रमण से लड़ती है और सूजन को कम करती है. इन दोनों को मिलाकर एक असरदार लेप तैयार करके कुछ देर लगाएं, फिर कुल्ला कर दें.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

**यूपी में पानी भरी खाई में पलटी प्राइवेट बस, मासूम समेत दो की मौत, कई यात्री दबे**

**बदायूं.** यूपी के बदायूं में बुधवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पानी भरी खाई में पलट गई। हादसे में एक मासूम और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के बस के नीचे दबे होने की भी आशंका जताई जा रही है। हादसा दातागंज कोतवाली क्षेत्र के डहरपुर के पास हुआ। भ्रश म्याऊं से बदायूं आ रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया है। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बस में 24 यात्री सवार थे।

### गद्दे लपेटकर टांड में छिपा था सपा नेता, गिरफ्तार

**कन्नौज.** समाजवादी पार्टी नेता और कन्नौज पूर्व जिला कोषाध्यक्ष कैश खान का पुलिस ने उसके घर से दबोच लिया। वह टांड में गद्दा लपेटकर छिपा हुआ था। पुलिस वालों ने उसे नीचे उतारा और गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक 28 जुलाई को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एसपी की रिपोर्ट पर सपा नेता कैश खान को 6 महीने के लिए जिला बदर का आदेश जारी दिया था। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली की कैश खान अपने चचेरे भाई के घर पर छिपा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छापेमारी में जुट गई। पूरे घर की तलाशी लेने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। लेकिन जब पुलिस वहां से लौटने लगी तो उनकी नजर टांड़ पर रखे गद्दे पर पड़ी। जब गद्दा हटाया गया तो सब हैरान रह गए। दरअसल गद्दे को लपेटकर कैश खान छिपा था। पुलिस ने उसे नीचे उतारकर गिरफ्तार कर लिया।

### बिजनौर में नायब तहसीलदार ने किया सुसाइड

यूपी के बिजनौर में बुधवार की सुबह साढ़े 10 बजे के करीब बड़ी घटना हो गई। यहां सदर तहसील के नायब तहसीलदार राजकुमार ने खुद को सरकारी आवास में बंद कर लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन अंततः उन्हें बचाया नहीं जा सका। नायब तहसीलदार के सुसाइड से बिजनौर के प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक झा सहित तमाम अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। नायब तहसीलदार राजकुमार बागपत जिले के थाना छपरौली के गांव कुरड़ी के रहने वाले थे। वे यहां कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में परिवार सहित रहते थे। राजकुमार के माता-पिता भी उनके साथ ही रहते थे। अधिकारियों के अनुसार नायब तहसीलदार राजकुमार सरकारी काम से इलाहाबाद हाईकोर्ट गए हुए थे। बुधवार की सुबह करीब 9 बजे वे इलाहाबाद से घर लौट थे।

### स्कूल जा रही 8वीं की छात्रा से गैंगरेप

**रामपुर.** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में क्षेत्र के एक गांव में आठवीं कक्षा की छात्रा के साथ दरिंदगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 22 अगस्त की सुबह दो युवकों ने छात्रा को स्कूल जाते समय रास्ते से उठाकर खेत में ले जाकर गैंगरेप किया और नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया। पांच दिन बाद होश आने पर पीड़िता बच्ची ने रो-रोकर आपबीती सुनाई तो परिजनों ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के पिता ने बताया कि रसूलपुर गांव का युवक विकास काफी समय से उनकी बेटी पर गलत नजर रखता था। आरोप है कि 22 अगस्त की सुबह करीब साढ़े सात बजे जब छात्रा साइकिल से स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर विकास और उसका साथी उसे रोककर खेत में ले गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया और फिर नशा सुंघाकर उसे बेहोश कर दिया।

# पाक-बांग्लादेश से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

- **CAA के तहत पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी**




**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को बिना पासपोर्ट रहने की अनुमति दे दी है।

सरकार ने इन देशों से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के तहत राहत दी है।

गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी।

CAA के तहत 31 दिसंबर 2014 तक आए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी जाएगी।

केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में CAA लागू किया था। CAA के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी।

- **नेपाल-भूटान के नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं**

आदेश में साफ किया गया है कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा।

भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं है लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा।

भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के कर्मियों को जो ड्यूटी पर भारत में एंट्री या बाहर जा रहे हैं, उनके परिवार के सदस्यों को (अगर वे सरकारी परिवहन के साथ यात्रा कर रहे हों) पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं होगी।

### नागरिकता संशोधन कानून की 3 बड़ी बातें...

**किसे मिलती है नागरिकता :** 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जा सकती है। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**भारतीय नागरिकों पर असर :** भारतीय नागरिकों से CAA का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। CAA या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**आवेदन कैसे करते हैं :** CAA के तहत नागरिकता के लिए आवेदन ऑनलाइन करना होता है। आवेदक को बताना होता है कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर कर सकते हैं। इसके तहत भारत में रहने की अवधि 5 साल से अधिक रखी गई है। इस कानून से इतर नागरिकता हासिल करने के लिए यह अवधि 11 साल से अधिक है।

# मिडिल क्लास के लिए बड़ी खुशखबरी

- **जूते-चप्पल और कपड़े 2500 तक होंगे सस्ते**
- **GST के 2 स्लैब को काउंसिल ने दी मंजूरी**




**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के नतीजे आ गए हैं। इस बैठक में आम लोगों की जेब से जुड़े कई अहम ऐलान किए गए। इसके साथ ही जीएसटी काउंसिल ने प्रस्तावित दो-स्तरीय 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब को मंजूरी दे दी है। वहीं, 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब हटा दिए गए हैं। आइए सिलसिलेवार जानते हैं कि क्या फैसले हुए हैं।

जीएसटी काउंसिल ने बुधवार को 2,500 रुपये तक की कीमत वाले फुटवियर एवं परिधानों को पांच प्रतिशत कर के स्लैब में रखने का निर्णय लिया। अभी तक केवल 1,000 रुपये तक की कीमत वाले जूते-चप्पल एवं परिधान पर ही पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था जबकि इससे अधिक कीमत वाले उत्पादों पर 12 प्रतिशत कर लगाया जाता था। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय जीएसटी परिषद में लिए गए इस फैसले के बाद 2,500 रुपये तक के फुटवियर और परिधान अब सस्ते हो जाएंगे।

बैठक में 12 और 28 प्रतिशत वाले कर स्लैब को खत्म करने का भी निर्णय लिया गया है। इन दोनों श्रेणियों के अधिकांश उत्पादों को क्रमशः पांच और 18 प्रतिशत के स्लैब में स्थानांतरित किया जाएगा। इस कदम से उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर राहत मिलने के साथ ही परिधान एवं फुटवियर उद्योग को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

जीएसटी काउंसिल ने छोटे व्यवसायों को राहत देने के लिए कई सुधारों को मंजूरी दे दी है, जिसमें गैर-जोखिम वाले व्यवसायों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को तीन दिन तक कम करना, पूर्व-भरे रिटर्न के प्रस्ताव पर काम करना शामिल है।

### डैम से छोड़ा गया पानी

सतलुज, रावी और ब्यास नदियों में आई बाढ़ से जूझ रहे पंजाब की चिंता बुधवार को और बढ़ गई। इसकी वजह है कि बड़े पैमाने पर भाखड़ा नांगल डैम और पौंग डैम से पानी छोड़ा गया है। भाखड़ा नांगल बांध से 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो आमतौर पर 65 हजार रहा करता है।

# TRF को मलेशिया के रास्ते मिल रही आतंकी फंडिंग

- **लाखों रुपये जुटाए**
- **NIA जांच में खुलासा**




**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी संगठन, द रेसिस्टेंस फ्रंट (TRF) के खिलाफ अपनी जांच में महत्वपूर्ण सबूत जुटाए हैं। एनआईए ने श्रीनगर के एक व्यक्ति के मोबाइल फोन से 450 से अधिक कॉन्टैक्ट लिस्ट हासिल की है, जिससे टीआरएफ को धन मुहैया कराने वालों की पहचान करने में मदद मिली है। बता दें कि यह संगठन 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद बाद इससे पीछे हट गया था।

जांच के दौरान, एनआईए को मलेशिया के जरिए हवाला मार्ग के संभावित इस्तेमाल का पता चला है जिससे टीआरएफ को फंडिंग की जा रही थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जांच में मलेशिया निवासी सज्जाद अहमद मीर का नाम सामने आया है। एक अन्य संदिग्ध, यासिर हयात के फोन कॉल डिटेल से पता चला कि वह मीर के संपर्क में था और पैसों की व्यवस्था कर रहा था।

रिपोर्ट के अनुसार, हयात ने टीआरएफ के लिए धन जुटाने के लिए कई बार मलेशिया की यात्रा की। हयात ने मीर की मदद से टीआरएफ के लिए 9 लाख रुपये जुटाए, जो संगठन के एक अन्य ऑपरेटिव शफात वानी को दिए गए। वानी टीआरएफ का एक प्रमुख ऑपरेटिव है और संगठन की गतिविधियों को संचालित करता है। यह भी पता चला कि वानी ने मलेशिया में एक विश्वविद्यालय में सम्मेलन में भाग लेने के बहाने यात्रा की थी, हालांकि विश्वविद्यालय ने इस यात्रा को स्पॉन्सर नहीं किया था।

### पाकिस्तानी नागरिकों के साथ भी संपर्क में था

एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि हयात न केवल मीर के संपर्क में था, बल्कि वह दो पाकिस्तानी नागरिकों के साथ भी संपर्क में था। उसका मुख्य काम विदेशी ऑपरेटिव्स से संपर्क बनाए रखना और आतंकी संगठन के लिए धन जुटाना था। 13 अगस्त को, एनआईए ने कहा था कि उसने विदेशी फंडिंग के एक निशान का पता लगाया है, जिसकी गहन जांच की जा रही है। टीआरएफ को 2019 में लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी के रूप में बनाया गया था, ताकि इसे जम्मू-कश्मीर का स्थानीय संगठन दिखाया जा सके। इसका उद्देश्य हिजबुल मुजाहिदीन को रिप्लेस करना और स्थानीय आतंकी गतिविधियों को नई पहचान देना था।

# खेड़ा की पत्नी के पास भी 2 वोटर आईडी

- **भाजपा ने डिटेल शेयर की**
- **कांग्रेस नेता का नाम भी 2 लिस्ट में होने का दावा किया था**

**नई दिल्ली.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाजपा और चुनाव आयोग (EC) पर वोट चोरी के आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने बुधवार को दावा किया है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के साथ ही उनकी पत्नी के पास भी दो वोटर आईडी हैं।

भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने x पर लिखा कि खेड़ा की पत्नी कोटा नीलिमा का नाम तेलंगाना की खैरताबाद और दिल्ली की नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में है। मालवीय ने कहा, यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि कांग्रेस नेताओं की वोट चोरी की रणनीति है। जो लोग आम नागरिकों पर वोट चोरी का इल्जाम लगाते हैं, वही खुद कई जगहों पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराते हैं।

मालवीय ने इससे पहले मंगलवार को खेड़ा के भी दो वोटर कार्ड होने का दावा किया था और इसको लेकर डिटेल भी शेयर की थी। वहीं, दिल्ली के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ERO) ने पवन खेड़ा को नोटिस भेजा है। इसमें कहा गया है कि दो जगह की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

### मालवीय बोले-गड़बड़ी केवल पवन खेड़ा और उनके परिवार तक सीमित नहीं

मालवीय ने कहा कि गड़बड़ी केवल पवन खेड़ा और उनके परिवार तक सीमित नहीं है। यह सिलसिला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व तक जाता है। 1980 में सोनिया गांधी, जो उस समय इटली से आई थीं, उनका नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ा गया था। यही कारण है कि कांग्रेस और INDI गठबंधन अवैध प्रवासियों का बचाव करते हैं और अपने ही देशवासियों को निशाना बनाते हैं।

# विक्ट्री डे परेड में चीन ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइलें दिखाईं

- **माओ जैसी ड्रेस में पहुंचे राष्ट्रपति जिनपिंग**
- **कहा- हम डरते नहीं, आगे बढ़ते हैं**



**बीजिंग.** दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार के 80 साल पूरे होने पर चीन में बुधवार को विक्ट्री डे परेड मनाया गया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राजधानी बीजिंग के थियानमेन चौक पर परेड की सलामी ली। जिनपिंग के भाषण के बाद सैन्य परेड निकाली गई।

जिनपिंग ने कहा कि चीन किसी की धमकियों से नहीं डरता और हमेशा आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने लोगों से इतिहास याद रखने और जापान के खिलाफ लड़ने वाले सैनिकों को सम्मान देने की अपील की।

BBC ने बताया कि परेड में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल्स, YJ-21 एंटी-शिप क्रूज मिसाइल और JL-3 पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी।

वहीं DF-5C न्यूक्लियर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का एडवांस वर्जन 6F भी दिखाया गया। यह मिसाइल अमेरिका तक मार सकती है।

यह चीन की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड है। परेड से पहले शी जिनपिंग के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन समेत दुनिया के 25 देशों के नेता मंच पर दिखाई दिए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बीजिंग इस परेड के जरिए यह साबित किया कि वह अमेरिका का विकल्प है और दुनिया में गैर-पश्चिमी देशों का नेतृत्व करने की ताकत रखता है।

# पुतिन के सामने फिर इयरफोन नहीं लगा पाए पाकिस्तानी PM

- **रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने सिखाया**

**मास्को.** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच मुलाकात का वीडियो एक बार फिर से वायरल है। पुतिन से बात करते वक्त शरीफ अपना इयरफोन ठीक से नहीं लगा पाए। यह वाकया मंगलवार को बीजिंग में पुतिन से मुलाकात के दौरान हुआ। उन्होंने शरीफ को इयरफोन पहनने का तरीका समझाने की कोशिश की। इस दौरान वे मुस्कुराते भी नजर आए। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें शहबाज शरीफ के कानों से ट्रांसलेशन इयरफोन बार-बार फिसल रहा है, वह उनसे लग नहीं पा रहा। इसके बाद, पुतिन अपना हेडसेट उठाकर उन्हें पहनने का तरीका दिखाने की कोशिश करते हैं।

यह पहली बार नहीं है जब शरीफ, पुतिन के सामने इयरफोन नहीं पहन पाए। ठीक 3 साल पहले भी शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन समिट के दौरान ही ऐसा हुआ था। साल 2022 में उज्बेकिस्तान में SCO समिट से इतर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ शरीफ द्विपक्षीय बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्हें अपने इयरफोन को एडजस्ट करने में दिक्कत आ रही थी। जब चर्चा शुरू हुई तो उनका हेडफोन बार-बार फिसल रहा था। हालांकि, इसे ठीक करने की कोशिश की गई लेकिन ये समस्या कुछ समय तक बनी रही, शहबाज के साथ दिक्कतों को देखकर पुतिन को हंसी आ गई थी।

# कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट



- **BCCI अधिकारियों की निगरानी में हुआ**
- **विदेश में टेस्ट पर उठ रहे हैं सवाल**

विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है।

कोहली ने BCCI से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट BCCI के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ।

विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी पूरा किया था।

- **विराट के लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल**

विराट कोहली के बेंगलुरु की बजाय लंदन में फिटनेस टेस्ट देने पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ी 29 अगस्त को BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) बेंगलुरु में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए मौजूद थे।

### लंदन में परिवार संग विराट

विराट कोहली इस समय अपने परिवार के साथ इंग्लैंड में ही रह रहे हैं और वहीं प्रैक्टिस कर रहे हैं। उन्होंने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे पहले, 2024 टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद उन्होंने रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के साथ टी-20 फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया था। वर्तमान में विराट केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। वे अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

# रूस ने यूक्रेन पर फिर से बरपाया कहर

- **दागे 500 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें**



रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ युद्ध 42 महीने से अधिक समय से चल रहा है और अभी भी इसके रुकने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। इस युद्ध के कारण हर दिन जान-माल का नुकसान हो रहा है। यूक्रेन में अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं और कई शहर तबाह हो चुके हैं। रूस के भी कई सैनिक इस युद्ध में मारे गए हैं। इतने नुकसान के बावजूद, रूस के यूक्रेन पर हमले जारी हैं। बीती रात रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला करते हुए देर रात 526 ड्रोन-मिसाइलें दागीं, जिनमें 502 ड्रोन और 24 मिसाइलें शामिल थीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस रूसी हमले की जानकारी दी। इस हमले में मुख्य रूप से यूक्रेन का पश्चिमी हिस्सा निशाना बना।

यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस द्वारा दागे गए 69 ड्रोन और 3 मिसाइलें 14 अलग-अलग स्थानों पर गिरीं। बाकी ड्रोन और मिसाइलों को यूक्रेनी वायुसेना ने नष्ट कर दिया, लेकिन उनका मलबा भी कई जगहों पर गिरा। इस हमले में कई लोग घायल हुए, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हमले से कई घरों, इमारतों और नागरिक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा।

### हाल के दिनों में हमले तेज

हाल के दिनों में दोनों पक्षों की ओर से हवाई हमले तेज हो गए हैं। रूस, यूक्रेन की बिजली और परिवहन व्यवस्था को निशाना बना रहा है। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द से जल्द युद्ध समाप्त करना चाहते हैं।

अगस्त में ट्रंप ने रूसी और यूक्रेनी राष्ट्रपतियों से अलग-अलग मुलाकात की थी। जेलेंस्की ने ट्रंप के युद्धविराम और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने शांति वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन क्रेमलिन ने इस पर आपत्ति जताई है।

हाल ही में कूटनीतिक गतिविधियों के बीच, पुतिन ने चीन में चीनी नेता शी जिनपिंग, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वाशिंगटन का दावा है कि ये देश रूस के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। चीन और भारत ने रूसी तेल खरीदा है, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था को मदद मिल रही है।

# KCR की बेटी कविता का पार्टी-MLC पद से इस्तीफा

- **एक दिन पहले BRS से निलंबित किया गया था**
- **भाइयों पर पार्टी तोड़ने का आरोप लगाया**

**बेंगलूरु.** बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) नेता के. कविता ने बुधवार को पार्टी और एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया। इससे एक दिन पहले ही उन्हें बीआरएस से अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी कामों के आरोप में निलंबित किया गया था।

कविता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने भाई और पार्टी नेता केटी राम राव (केटीआर) को चेतावनी दी कि वह चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव पर भरोसा न करें। उन्होंने कहा, इन्हीं दोनों की वजह से सीबीआई उनके पिता और पार्टी प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की जांच कर रही है। ऐसे नेता ही निजी फायदे के लिए परिवार को तोड़ रहे हैं।

दरअसल, कविता ने 1 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के सहयोगियों पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। इसके बाद 2 सितंबर को केसीआर ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

कविता 2014 से 2019 तक निजामाबाद से लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। लंबे समय से पार्टी नेतृत्व को लेकर उनके भाई केटी रामा राव और चचेरे भाई टी हरीश राव के बीच विवाद की खबरें आ रही थीं।

# चीन से किम जोंग का जूठा गिलास ले गए बॉडीगार्ड्स

- **पुतिन से मुलाकात के बाद फिंगरप्रिंट भी मिटाए**
- **सीक्रेट जानकारी लीक होने का खतरा**

**बीजिंग.** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने बुधवार को चीन का राजधानी बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। डेली मेल के मुताबिक, इस मुलाकात के बाद किम जोंग के गार्ड्स उनका जूठा गिलास अपने साथ ले गए। उन्होंने उस कुर्सी-टेबल को भी सावधानी से साफ कर दिया, जिस पर किम बैठ थे।

रूसी पत्रकार अलेक्जेंडर युनाशेव ने बताया कि मीटिंग के बाद कुर्सी, टेबल और आस पास की चीजों की इस तरह साफ किया कि उन पर किम का कोई निशान नहीं छूट जाए।



एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि ये रूस या चीन की जासूसी से बचने की कोशिश हो सकती है या फिर किम अपनी हेल्थ की जानकारी छिपाना चाहते हैं। किसी नेता के फिंगर प्रिंट और मल-मूत्र से उसके DNA और हेल्थ से जुड़ी सीक्रेट जानकारी पता की जा सकती है।

### कोरोना के बाद पहली बार चीन पहुंचे किम जोंग

- पत्रकार युनाशेव के मुताबिक, किम और पुतिन की मुलाकात अच्छी रही। दोनों नेता खुश थे और बाद में साथ में चाय पीने गए। किम ने पुतिन से कहा- अगर मैं रूस के लिए कुछ कर सकता हूं, तो मुझे खुशी होगी।
- पुतिन ने उत्तर कोरिया को यूक्रेन में सैनिक भेजने के लिए शुक्रिया कहा। कोविड-19 के बाद किम जोंग का यह पहला चीन दौरा था। यहां उन्होंने पुतिन के साथ चीन की विक्ट्री डे परेड में हिस्सा लिया।

### सीक्रेट जानकारी लीक होने का खतरा

फिंगरप्रिंट से किसी भी इंसान के सीक्रेट दस्तावेज तक पहुंच हासिल की जा सकती है। फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल फोन, लैपटॉप, और सीक्रेट ठिकानों में एंट्री के लिए भी होता है।

किसी भी देश के नेता का स्वास्थ्य 'टॉप सीक्रेट' माना जाता है। अगर ये जानकारी बाहर आ जाए तो दुश्मन देश उसकी कमजोरियों का फायदा उठा सकते हैं।

विदेशी एजेंसियां स्वास्थ्य रिपोर्ट लीक कर यह छवि बना सकती हैं कि राष्ट्रपति कमजोर या बीमार हैं। इससे घरेलू राजनीति और जनता का भरोसा डगमगा सकता है। यही वजह है कि दुनिया के कई देशों की सिक्योरिटी एजेंसी विदेश दौरे पर अपने नेता के फिंगरप्रिंट साफ कर देती हैं और उनके मल-मूत्र वापस ले जाती है।

# मराठा आंदोलन : आजाद मैदान से 125 टन कचरा निकला

■ प्रदर्शनकारियों ने 5 दिन में जमा किया था

■ HC ने पूछा- संपत्ति के नुकसान की भरपाई कौन करेगा

**मुंबई.** बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) ने बुधवार को बताया कि 29 अगस्त से 2 सितंबर तक चले मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान आजाद मैदान और उसके आसपास के इलाकों से 125 मीट्रिक टन से ज्यादा कचरा निकला। 5 दिनों तक कुल 466 कर्मचारी सफाई में लगे हुए थे। न्यूज एजेंसी PTI से बात करते हुए, BMC के एक अधिकारी ने बताया कि 29 अगस्त को आंदोलन के पहले दिन मैदान से चार मीट्रिक टन कचरा निकला था। 30 अगस्त को 7 मीट्रिक टन, 31 अगस्त और 1 सितंबर को 30-30 टन कचरा जमा हुआ था। 2 सितंबर को सबसे ज्यादा 57 टन कचरा मिला।

दूसरी तरफ, बॉम्बे हाईकोर्ट ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे से पूछा कि प्रदर्शनकारियों पर मुंबई में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप है। इसकी भरपाई कौन करेगा? जरांगे के वकील सतीश मानेशिंदे ने आरोपों से इनकार किया है और कहा कि पुरानी तस्वीरें के भ्रम फैलाया जा रहा है। इसके बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस आरती साठे की पीठ ने कहा कि 8 हफ्ते में हलफनामा दायर करिए, जिसमें लिखा हो कि जरांगे और अन्य आयोजक किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। जरांगे ने 29 अगस्त को आजाद मैदान में आमरण अनशन शुरू किया था। उनका अनशन 2 सितंबर को बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के बाद खत्म हुआ। जरांगे ने अनशन खत्म करते हुए कहा था, 'हम जीत गए हैं। सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं।'



जरांगे के विरोध प्रदर्शन में राज्य भर से हजारों मराठा समुदाय के लोग शामिल हुए थे। आजाद मैदान के पास छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) और बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) हेडक्वार्टर के आसपास का इलाका इन प्रदर्शनकारियों का डेरा बन गया था।

वे फुटपाथों और सड़कों पर खाना बनाते, खाते, सोते और नहाते भी देखे गए। इस सब के कारण धरना स्थल और आसपास के इलाकों में भारी मात्रा में कूड़ा जमा हो गया। इलाके में बचे हुए खाने-पीने की चीजें, मिनरल वाटर की बोतलें, रैपर, पेपर प्लेट और कप सहित कूड़े के ढेर देखे गए।

## जरांगे की 8 में से 6 मांगें मानीं, मराठा-कुणबी एक



महाराष्ट्र सरकार में मंत्रिमंडल उपसमिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण विखे पाटिल सहित कई नेताओं ने पाटिल से मुलाकात कर मांगें माने जाने की जानकारी दी। सरकार ने जरांगे की 8 में से 6 मांगें स्वीकार कर ली हैं। सरकार ने हैदराबाद गैजेटियर को मंजूरी दी है। इसके तहत मराठा समुदाय के लोगों को कुणबी जाति का प्रमाण पत्र मिलेगा।

आदेश जारी करने के लिए 2 महीने का समय मांगा। सरकार ने सतारा और औंध गैजेटियर का कानूनी अध्ययन कर 15 दिन में निर्णय लेने की बात कही है। इसके अलावा आंदोलन में जान गंवाने वालों के परिवारों को आर्थिक मदद और राज्य सड़क परिवहन निगम में नौकरी देने का भी वादा किया गया है।

## संक्षेप...

### नायगांव में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

**नायगांव.** नायगांव के ससुनवघर में स्थित एक आरएमसी प्लांट में एक सीमेंट के कुएं में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय विश्वजीत हरिश्चंद्र राजभर और 24 वर्षीय राजन सुरेंद्र राजभर के रूप में हुई है, जो दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इस मामले में, लापरवाही से मौत का आरोप लगाते हुए ठेकेदार अजय लालसा यादव के खिलाफ नायगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। यह दर्दनाक हादसा 2 मई को शाम करीब 4 बजे हुआ था, हालांकि इसकी शिकायत 1 सितंबर को दर्ज की गई।

# भिवंडी मनपा वार्ड संरचना का प्रारूप घोषित

■ 15 सितम्बर तक मंगाए आपत्तियां और सुझाव

**भिवंडी.** भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका चुनाव के लिए वार्ड संरचना का मसौदा महानगर पालिका प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर द्वारा घोषित किया गया. मनपा द्वारा घोषित वार्ड संरचना प्रारूप के तहत भिवंडी मनपा में पूर्ववत 23 वार्ड और कुल 90 नगरसेवक होंगे. वार्ड रचना की घोषणा से मनपा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों में तेजी से सुगबुगाहट शुरू हो गई. भिवंडी मनपा द्वारा घोषित वार्ड संरचना मसौदा पर नागरिकों की आपत्तियां



एवं सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तारीख आगामी 15 सितम्बर है. 2011 जनगणना के तहत भिवंडी की कुल जनसंख्या 7,09,665 है. मनपा वार्ड संरचना के कुल 23 वार्डों में से 21 वार्ड में 4 नगरसेवक एवं 2 वार्ड में 3 नगरसेवकों के होंगे. गौरतलब हो कि, भिवंडी मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर द्वारा घोषित वार्ड संरचना प्रारूप मनपा की वेबसाइट के साथ ही मनपा मुख्यालय एवं मनपा के 5 प्रभागीय कार्यालयों में प्रदर्शित किया गया है. नागरिक उक्त स्थानों पर जाकर मनपा वार्ड संरचना प्रारूप का अवलोकन कर सकते हैं. वार्ड प्रारूप संबंधित आपत्तियां और सुझाव मनपा प्रशासक, आयुक्त कार्यालय में ही स्वीकार किए जाएंगे. सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता को खुद मौजूद रहना जरूरी होगा.

### मनपा प्रभाग संरचना...

- भिवंडी मनपा की वार्ड संरचना 2011की जनगणना के अनुसार 7लाख 9 हजार 665 है .अनुसूचित जाति वोटर 21,820 और अनुसूचित जाति के वोटर 8178 हैं .
- भिवंडी मनपा के 23 प्रभागों की वार्ड संरचना में वार्ड 15 और 22 को 3 सदस्यीय और शेष 21वार्डों को 4 सदस्यीय बनाया गया है .
- 4 सदस्यीय वार्ड में वोटरों की अंदाजन संख्या 31,541और 3 सदस्यीय वार्ड 15 और 22 में वोटरों की अंदाजन संख्या 23,655 के करीब है .भिवंडी मनपा क्षेत्र में सर्वाधिक वोटर संख्याबल के वार्ड क्रमांक 17 में 34,474 वोटर और कम वोटरों का वार्ड क्रमांक 22 (त्रिसदस्यीय) 24,944 है .
- नई वार्ड संरचना में किसी एक दल अथवा समूह के सदस्यों को प्रत्याशी के रूप में चुना जा सकेगा . प्रत्येक राजनीतिक दल ने वार्ड संरचना के अनुसार प्रत्याशी खोजने और दूसरे दलों के मजबूत पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने के जोरदार प्रयास शुरू कर दिए हैं .

## मुंबई में 30 दिनों के लिए ड्रोन पर लगा बैन

**मुंबई.** गणपति विसर्जन के अवसर पर, मुंबई पुलिस आयुक्तालय ने अगले 30 दिनों के लिए पूरे शहर में ड्रोन के इस्तेमाल पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस उपायुक्त (संचालन) अकबर पठान ने कहा कि आतंकवादियों या राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा ऐसे उड़ने वाले उपकरणों के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक था. यह प्रतिबंध 6 सितंबर से 5 अक्टूबर तक, 00.01 बजे से 24:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश में केवल मुंबई पुलिस द्वारा की जाने वाली हवाई निगरानी या डीसीपी (संचालन) द्वारा लिखित रूप में विशेष रूप से अनुमति प्राप्त गतिविधियों को छूट दी गई है.

# 'अगले वर्ष तू जल्दी आ' के नारों से गूंजा भिवंडी



■ 5,467 गणेश मूर्तियों का धूमधाम से हुआ विसर्जन

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में विभिन्न स्थानों पर बड़े उत्साह और धार्मिक पूजा-अर्चना के साथ आराध्य देव गणेश की स्थापना के बाद विभिन्न विसर्जन घाटों से भक्तिमय वातावरण में 5 दिवसीय 5,467 गणेश मूर्तियों को विदाई देकर विसर्जित की गई. गणेश भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ अपने प्रिय बप्पा को अश्रुपूरित नयनों से विदाई दी.

भिवंडी शहर के विभिन्न तालाबों पर बने 16 विसर्जन घाटों पर देर रात तक कुल 5,467 गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. विसर्जन घाटों पर 152 गौरी मूर्तियों का भी धार्मिक तरीके से पूजा के उपरांत विसर्जन भक्तों द्वारा किया गया. गणेश मूर्तियों के विसर्जन के समय विभिन्न घाटों पर पुलिस उपायुक्त शशिकांत बारोटे के साथ पुलिस अधिकारी और मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर सहित तमाम जिम्मेदार अधिकारियों का दौरा जारी रहा, ताकि किसी तरह की कोई समस्या पैदा न हो. तमाम भक्तों ने कृत्रिम तालाबों में मूर्तियों को विसर्जित कर बप्पा अगले वर्ष लवकर या के नारे लगाते देखे गए. गणेश भक्त मनपा द्वारा अंजाम दी गई विसर्जन घाटों पर विसर्जन व्यवस्था से भक्तगण संतुष्ट दिखाई पड़े. विसर्जन घाटों पर मनपा अधिकारी, सुरक्षा रक्षक, मनपा कर्मियों की टीम मुस्तैदी से भक्तों को सहयोग करने में जुटी थी. देर रात तक विसर्जन घाटों पर बप्पा की जोरदार गूंज गूंजती रही.

# मोदी और योगी ने यूपी को बनाया सर्वोत्तम प्रदेश -विधायक रमेश मिश्रा

■ भिवंडी में बदलापुर भाजपा विधायक का भव्य स्वागत

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** जौनपुर जिला बदलापुर विधानसभा क्षेत्र भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा का ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समारोह में उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्थाध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह ठाकुर, शिक्षण संस्था डायरेक्टर एड प्रवीण मिश्रा सहित तमाम गणमान्य लोगों द्वारा शाल, पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया. उक्त मौके पर भाजपा नेता विजय किशोर तिवारी, महेंद्र मिश्रा, पत्रकार संजय दुबे, विनय मिश्रा, बालमुकुंद शुक्ला, अजीत सिंह, वेदप्रकाश सिंह, प्रेम तिवारी, सत्यनारायण पांडे, अंबुज मिश्रा, सुनील द्विवेदी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.



गौरतलब हो कि, पद्मानगर स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि, मैं हर वर्ष गणेश उत्सव के समय मुंबई आकर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों और अपने शुभचिंतको से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछता हूं. उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समग्र विकास की ओर बढ़ रहा है. मुंबई भिवंडी और अन्य उपनगरों में उत्तर प्रदेश से लोग रोजी-रोटी की तलाश में आए हैं. प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सरकार के समय में उत्तरप्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है. कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार, सड़क, बिजली, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्र में तेजी से बहुमुखी विकास होने से रोजगार के अवसर बढ़ गए हैं. युवाओं और महिलाओं के लिए सरकार मजबूती से कार्य कर रही है. श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी तीर्थ का विकास ऐतिहासिक है. कार्यक्रम का कुशल संचालन एड विवेकानंद पांडे ने किया.

# ठाणे जिला प्रशासन का संकल्प सेवा पंधरवाड़ा

**ठाणे.** सरकारी योजनाओं का लाभ ठाणे जिला प्रशासन ने इन कार्यों को समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए एक महत्वाकांक्षी अभियान शुरू किया है।छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्वस्व अभियान के तहत चलाया जा रहा यह सेवा पंधरवाड़ा आम लोगों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी जन्मदिन 17 सितंबर 2025 से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर 2025 तक यह सेवा पंधरवाड़ा पूरे राज्य में मनाया जाएगा। इस दौरान राजस्व प्रशासन आम लोगों की अंतरंग समस्याओं के समाधान के लिए अधिक जनोन्मुखी, कुशल और गतिशील तरीके से काम करेगा। इस पहल के तहत कार्यान्वित कार्यक्रम पहले भी शुरू किए गए थे, लेकिन इस अवधि के दौरान इन्हें युद्धस्तर पर और एक अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जाएगा। सरकार ने हाल ही में इस संबंध में एक निर्णय लिया है, जो संदर्भ संख्या 202509011057151619 के अंतर्गत www.maharashtra.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# ठाणे मनपा क्षेत्र में 16944 गणेश मूर्ति और 995 गौरी मूर्ति विसर्जित

■ कृत्रिम तालाबों में मूर्ति विसर्जन की दर इस वर्ष 70 प्रतिशत तक पहुँची

■ 16 टन निर्माल्य श्रद्धालुओं ने दान किया

**ठाणे.** गौरी और गणपति विसर्जन के सातवें दिन ठाणे मनपा क्षेत्र में विसर्जन स्थलों पर कुल 17939 मूर्ति विसर्जित की गईं। इनमें से 16944 गणेश मूर्ति और 995 गौरी मूर्ति थीं। 127 सार्वजनिक निकायों की गणेश मूर्ति भी शामिल हैं। ठाणे मनपा द्वारा निर्मित कृत्रिम तालाबों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सात दिवसीय गणेश मूर्तियों और गौरी मूर्तियों का विसर्जन किया, जो पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव की परंपरा का सफलतापूर्वक निर्वहन करता है। कुल मूर्तियों में से 10510 मूर्तियाँ पॉप-अप ऑइल (पीओपी) की थीं, जबकि 7392 मूर्तियाँ शाडू मिट्टी की थीं।

### 70 प्रतिशत मूर्तियाँ कृत्रिम तालाब में विसर्जित

सातवें दिन तक हुए कुल विसर्जनों में से, कृत्रिम तालाबों में विसर्जित मूर्तियों का अनुपात 70 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष यह 51 प्रतिशत था। वहीं, सीधे खाड़ी में विसर्जित मूर्तियों का अनुपात इस वर्ष 6 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष यह 38 प्रतिशत था। विशेष तालाब प्रणाली (हौद) में विसर्जन



का अनुपात इस वर्ष 20 प्रतिशत है जबकि पिछले वर्ष यह 8 प्रतिशत था। साथ ही, मोबाइल विसर्जन प्रणाली में यह अनुपात इस वर्ष चार प्रतिशत है, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने बताया।उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, छह फीट तक की मूर्तियों का कृत्रिम तालाबों में और उससे बड़ी मूर्तियों का खाड़ी के घाटों पर विसर्जन किया जा रहा है। कुछ श्रद्धालुओं ने छोटी मूर्तियों को भी खाड़ी में विसर्जित करने पर जोर दिया। मनपा और पुलिस प्रशासन द्वारा उनसे कृत्रिम तालाबों में विसर्जन करने का बार-बार अनुरोध किया गया। इस संदर्भ में, नगर निगम ने नागरिकों से अनंत चतुर्दशी पर छह फीट ऊँची मूर्तियों का कृत्रिम तालाबों में विसर्जन करने की अपील की है।

### भक्तों ने स्वीकृति केंद्र को 262 मूर्तियाँ दान कीं

नगरपालिका के 10 स्थानों पर स्थित गणेश मूर्ति स्वीकृति केंद्रों पर प्राप्त कुल 262 गणेश मूर्तियों का नगर निगम द्वारा स्वीकृति केंद्र के पास स्थित कृत्रिम तालाबों में विधिवत विसर्जन किया गया।

### भक्तों द्वारा दान किया गया 16 टन कचरा

इस वर्ष, ठाणे नगर निगम के ठोस अपशिष्ट विभाग की खाद परियोजना में कचरे को जैव-खाद विधि से खाद बनाने के लिए जमा किया गया। ये जैव-खाद परियोजनाएँ कोलशेत, कौसा, ऋतु पार्क में संचालित हैं। सातवें दिन गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान 16 टन से अधिक कचरा एकत्र किया गया। इस कचरे का प्रसंस्करण कर जैविक खाद तैयार की जाएगी। साथ ही, कचरे में मौजूद अजैव-निम्नीकरणीय घटकों को वर्गीकृत कर पुनर्प्रसंस्करण के लिए भेजा जाएगा।

# बंद होगा शिल्पा शेट्टी का बैस्टियन रेस्टोरेंट

■ एक्ट्रेस हुईं भावुक, कहा- एक युग का अंत होगा

■ धोखाधड़ी का आरोप लगने से सुर्खियों में हैं एक्ट्रेस

शिल्पा शेट्टी के पॉपुलर रेस्टोरेंट बैस्टियन को बंद किया जा रहा है। ये रेस्टोरेंट मुंबई के बांद्रा में स्थित है। एक्ट्रेस ने खुद ये घोषणा करते हुए इसे एक युग का अंत कहा है।

शिल्पा शेट्टी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बैस्टियन के बंद होने की घोषणा करते हुए भावुक अंदाज में लिखा है, 'इस गुरुवार एक युग का अंत होगा, जब हम मुंबई की सबसे आइकॉनिक डेस्टिनेशन्स में से एक बैस्टियन बांद्रा को अलविदा कहेंगे। यह वह जगह है जिसने हमें अनगिनत यादें, कभी न भूलने वालीं रातें और ऐसे पल दिए जिन्होंने शहर की नाइट लाइफ को आकार दिया। अब यह जगह अपना अंतिम पर्दा गिरा रही है।'

आगे एक्ट्रेस ने लिखा, 'इस लीजेंड्री जगह का सम्मान करने के लिए, हम अपने सबसे करीबी मेहमानों के लिए एक खास शाम का आयोजन कर रहे हैं, एक रात जो पुरानी यादों, एनर्जी और जादू से भरपूर होगी, जिसमें बैस्टियन द्वारा अब तक दी गई हर चीज का जश्न मनाया जाएगा। जब हम बैस्टियन बांद्रा को अलविदा कहेंगे, तो हमारी थर्सडे नाइट का खास आर्केन अफेयर इवेंट अगले हफ्ते बैस्टियन एट द टॉप में जारी रहेगा, जहां यह विरासत एक नए अध्याय और नए अनुभवों के साथ आगे बढ़ेगी।'



अपनी इस पोस्ट में शिल्पा शेट्टी ने रेस्टोरेंट के बंद होने का कारण नहीं बताया है। शिल्पा शेट्टी ने साल 2016 में रंजीत बिंद्रा के साथ मिलकर इस रेस्टोरेंट की शुरुआत की थी। ये जगह मुंबई नाइट लाइफ में काफी पॉपुलर थी। साल 2023 में इसे री-लोकेट किया गया था।

## महिला व बच्ची की लाश मिलने से सनसनी

**ठाणे.** कासारवडवली पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत विहंग वैली इलाके के इन्फिनिटी प्रोजेक्ट लेबर कॉलनी के पास गड्ढे में एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला एवं तीन साल की बच्ची की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस मामला दर्ज का जांच कर रही है. दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. मनपा के आपदा प्रबंधन कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक शाम साढ़े 6 बजे ढाई फूट चौड़े गड्ढे में दो लाश तैरते हुए दिखी. सूचना मिलने के तुरंत बाद, आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी एवं पुलिस व अग्निशमन दल के जवान मौके पर पहुंचे. दोनों शवों को निकाल कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया.

# अज्ञात व्यक्ति के शव को गड्ढे से निकाल किया पुलिस के हवाले

**ठाणे.** आपदा प्रबंधन को मिली जानकारी के अनुसार द इन्फिनिटी प्रोजेक्ट के पास, लेबर कॉलोनी के पास, विहंग, कासरवडवली खेत में बने गड्ढे में दो अज्ञात व्यक्तियों के शव तैरते हुए पाए गए। जमीन मालिक आशीष पाटिल, गड्ढा लगभग ढाई फीट गहरा)। घटनास्थल पर कासरवडवली पुलिस कर्मी, अग्निशमन विभाग के कर्मी, एक अग्निशमन वाहन, एक बचाव वाहन, आपदा प्रबंधन



प्रकोष्ठ के कर्मी, एक पिकअप वाहन, आपदा प्रतिक्रिया दल के कर्मी, एक बस वाहन और एक टी.एम.पी. शव वाहन मौजूद थे।घटना स्थल पर अग्निशमन विभाग के कर्मियों, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मियों और आपदा प्रतिक्रिया दल के कर्मियों की मदद से शव को खेत में बने गड्ढे से बाहर निकालकर कासरवडवली पुलिस कर्मियों को सौंप दिया गया है।इस व्यक्ति के शव को आगे की कार्रवाई के लिए कासरवडवली पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में शव वाहन में जिला सरकारी अस्पताल, ठाणे भेज दिया गया है।






**PUBLIC NOTICE**

I hereby declare that my name
**Lal Kessumal Lalla**
Now to be known as
**Lal Kessu Lalla**
Add :. Krishna Kunj, Near Block C-40, Opp. Anil Park, Shantinagar, Ulhasnagar-421003.,Dist. Thane.
**Lal Kessu Lalla**

**PUBLIC NOTICE**

I hereby declare that my name
**Lalla Chander Keshavdas**
Now to be known as
**Chander Kessu Lalla**
Add :. Krishna Kunj, 3rd Floor, Opp. Anil Park, Shantinagar, Ulhasnagar-421003.,Dist. Thane.
**Chander Kessu Lalla**

**CHANGE OF NAME**

My old Maiden Name is
**Soni Girdharilal Mulchandani**
Now My New Name is
**Harsha Chander Lalla**
Now I will be known as my new name
**Harsha Chander Lalla**
Add:. Krishna Kunj, 3rd Floor, Near Block C-40, Ulhasnagar-421003.,Dist. Thane.
**Harsha Chander Lalla**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099